भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 852**

29 नवम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष के अंतर्गत अनुसंधान और विकास परियोजनाएं**

852. डॉ. लता वानखेड़े:
श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयुष विभाग के अंतर्गत अनुसंधान और विकास परियोजनाओं सहित चालू योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसके क्या प्रभाव पड़े हैं;

(ख) सरकार द्वारा आयुष केन्द्रों/सेवाओं को देश के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में आयुष की सुगमता बनाने के लिए इनका और विस्तार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में वर्ष 2024 में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितने आयुष केन्द्र खोले गए हैं?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): आयुष मंत्रालय आयुष पद्धति के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से वर्ष 2014-15 से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और उनके द्वारा प्रस्तुत राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के आधार पर एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के तहत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:-

i. मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करके आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों का संचालन जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का नाम दिया गया है।
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना।
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन।
iv. मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास पर) के लिए भवन का निर्माण/उन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण, जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।
v. 10/30/50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना।
vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को जरूरी औषधियों की आपूर्ति।
vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम।
viii. उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है।
ix. आयुष स्नातकपूर्व संस्थानों और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास/पीजी/फार्मेसी/पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को शामिल करना।

एनएएम के तहत, एसएएपी की विभिन्न अनुमोदित गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कुल 4534.28 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता जारी की गई है। केंद्रीय टीमों द्वारा किए गए क्षेत्रीय दौरों और तीसरे पक्ष के मूल्यांकन द्वारा की गई टिप्पणियों के अनुसार, यह देखा गया है कि एनएएम योजना के कार्यान्वयन के बाद, समुदाय में आयुष पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ी

है और देश के विभिन्न आयुष स्वास्थ्य सुविधाओं में रोगियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इसके अलावा, यहां यह उल्लेख करना उचित है कि वर्ष 2015-16 में एनएएम योजना के लिए कुल आवंटन 78.32 करोड़ रुपये था, जिसे वर्ष 2023-24 में बढ़ाकर 1200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह दर्शाता है कि आयुष की मांग में वृद्धि हुई है।

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय वर्ष 2021-22 से आयुर्ज्ञान नामक एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना भी कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण आदि प्रदान करके आयुष में अनुसंधान और नवाचार का समर्थन करना है। इस योजना के तहत, योजना की शुरुआत से अभी तक 30 शोध परियोजनाओं का समर्थन किया गया है। इसके अतिरिक्त, अभी तक इस मंत्रालय ने समर्थित अनुसंधान परियोजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए कोई प्रभाव अध्ययन/मूल्यांकन नहीं किया है।

(ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक इसे सुलभ बनाने के लिए आयुष केंद्रों/सेवाओं का विस्तार संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। एनएएम के तहत, ऐसे क्षेत्र में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और जिसके लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार एसएएपी के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके अलावा, भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की नीति अपनाई है, इस प्रकार रोगियों को एक ही स्थान पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के लिए विकल्प प्रदान किया गया है। आयुष चिकित्सकों/पैराचिकित्सकों की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समर्थित किया जाता है, जबकि आयुष अवसंरचना उपकरण/फर्नीचर तथा औषधियों के लिए समर्थन आयुष मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत साझा जिम्मेदारी के रूप में प्रदान किया जाता है।

(ग): चूंकि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए आयुष केंद्रों को खोलना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, एनएएम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से उनके एसएएपी के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, देश के विभिन्न भागों में 167 एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) को सहायता प्रदान की गई है। वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक स्वीकृत 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की स्थिति **सलग्नक-I** पर दी गई है।

*****

**संलग्नक-I**

**वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक समर्थित अनुमोदित 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की स्थिति**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्थान (जिला) | चिकित्सा पद्धति | बिस्तरों की संख्या | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप | पोर्ट ब्लेयर (दक्षिण अंडमान) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| आंध्र प्रदेश | काकीनाडा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | विशाखापत्तनम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| अरुणाचल प्रदेश | यिंगकिओंग (अपर सियांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| | सेप्पा (ईस्ट किमांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | जीरो (लोवर सुबांनसिरी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | भालुकपोंग (वेस्ट किमांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | लीकाबाली (लोवर सियांग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| असम | गोलपाड़ा | आयुर्वेद | 50 | कार्यशील |
| | माजुली | आयुर्वेद | 50 | कार्यशील |
| | कोकराझार | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | बक्सा | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | मोरीगांव | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | कालियाबोर (नगांव) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | दिफू (कार्बी एंगलोंग) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | बाजाली | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| बिहार | पटना | आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| छत्तीसगढ़ | जांगिड़ चंपा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | निर्माणाधीन |
| | महासमुंद | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | कार्यशील |
| | कोरिया | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | निर्माणाधीन |
| | कोरबा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | कार्यशील |
| | कांकेर (उत्तर बस्तर कांकेर) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | कार्यशील |
| | नारायणपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | निर्माणाधीन |
| | बीजापुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | निर्माणाधीन |
| | दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 10 | निर्माणाधीन |
| | दल्ली राजहरा (बलोड) | आयुर्वेद | 30 | निर्माण पूरा हुआ |
| दादरा व नागर हवेली और दमण व दीव | सिल्वासा (दादरा और नागर हवेली) | आयुर्वेद | 50 | निर्माणाधीन |
| गोवा | मारगावो (दक्षिण गोवा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | वेलजुएम (उत्तर गोवा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| गुजरात | सूरत | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| हरियाणा | हिसार | आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग | 50 | कार्यशील |
| हिमाचल प्रदेश | कुल्लू | आयुर्वेद, सोवा रिग्पा, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | मंडी | आयुर्वेद, सोवा रिग्पा, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| जम्मू-कश्मीर | किश्तवाड़ | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक | 50 | निर्माणाधीन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | चिकित्सा | | |
| | कुपवाड़ा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | बिलावर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | कुलगाम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | सांबा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | गादी गढ़ (जम्मू) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | बंदीपायीं (बारामुला) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| झारखंड | रांची | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| | गुमला | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | बोकारो | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माणाधीन |
| | देवघर | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माणाधीन |
| | पलामू | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माणाधीन |
| | दुमका | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माणाधीन |
| | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| कर्नाटक | गदग | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | कार्यशील |
| | मंगलौर दक्षिण कन्नड) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | कार्यशील |
| | त्रिथाहल्ली (शिवमोगा) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| केरल | चालाकुडी (त्रिशूर) | आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | मट्टनूर (कन्नूर) | आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | अडूर (पथनमथिट्टा) | होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | अट्टापडी (पलक्कड़) | आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | कोट्टारकरा (कोल्लम) | आयुर्वेद, सिद्ध और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | वायनाड | आयुर्वेद और योग | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | इडुक्की | होम्योपैथी और योग | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | अरनमुला (पथनमथिट्टा) | आयुर्वेद और योग | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | वर्कला (तिरुवनंतपुरम) | योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 30 | निर्माण कार्य शुरू |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | नहीं हुआ |
| | कप्पुकड़ (तिरुवनंतपुरम) | आयुर्वेद, सिद्ध और योग | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| लक्षद्वीप | कवारत्ती (लक्षद्वीप) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 | कार्यशील |
| महाराष्ट्र | नंदुरबार | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 | कार्यशील |
| | सिंधुदुर्ग | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 | निर्माण पूरा हुआ |
| | पुणे | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 | कार्यशील |
| | अहमदनगर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 | कार्यशील |
| | धाराशिव (उस्मानाबाद) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | जलगांव | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | जालना | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | थाणे | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | नागपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| मणिपुर | मोरेह (टेंग्नौपाल) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | चुराचाँदपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | क्वाकेथेल कोनजेंग लेइकाई (इम्फाल पश्चिमी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | केइराओ एसी (इम्फाल पूर्वी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | चंदेल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| | जिरीबाम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| | कांगपोकपी | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| | बिश्नुपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| | नोनी | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| | थौबल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| | सेनापति | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 10 | निर्माणाधीन |
| मध्य प्रदेश | भोपाल | आयुर्वेद और योग | 50 | कार्यशील |
| | इंदौर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | नरसिंहपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | अमरकंटक (अनुपपुर) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| | मंडलेश्वर (खरगोन) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बालाघाट | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| | सीहोर | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| | गुना | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | पन्ना | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | भिंड | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | बड़वानी | आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| मेघालय | सोहरा (चेरापुंजी) (पूर्वी खासी हिल्स) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | उमट्रे (री भोई) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | जोवाई (पश्चिमी जयंतिया हिल्स) | होम्योपैथी, योग और आयुर्वेद | 30 | निर्माणाधीन |
| मिजोरम | आइजोल | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| | सैतुल | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 10 | निर्माणाधीन |
| नागालैंड | नोक्लाक, तुएनसांग (नोकलाक) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 30 | कार्यशील |
| | रज़ा, चेडेमा (कोहिमा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | सपांग्या (चुंगटिया) (मोकोक्चुंग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | याचेम (लोंगलेंग) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 30 | निर्माणाधीन |
| | किफायर (किफायर) | होम्योपैथी | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | तिजित (मोन) | आयुर्वेद, होम्योपैथी | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | अकुहाईतो (ज़ुन्हेबोटो) | आयुर्वेद, होम्योपैथी | 30 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| ओडिशा | ढेंकनाल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | बहरामपुर (गंजम) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | बालासोर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| पुडुचेरी | विलियानूर (पुडुचेरी) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और सिद्ध | 50 | कार्यशील |
| | यनम | आयुर्वेद, होम्योपैथी और सिद्ध | 50 | निर्माणाधीन |
| पंजाब | डुनकी (मोगा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | दयालपुर सोढिया जीरकपुर (एसएएस नगर) (पुराना नाम मोहाली) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| राजस्थान | भीलवाड़ा | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, | 50 | कार्यशील |
| | अजमेर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | कार्यशील |
| | चुरू | आयुर्वेद, होम्योपैथी और | 50 | कार्यशील |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | यूनानी | | |
| | बीकानेर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | कार्यशील |
| | जयपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | कार्यशील |
| | सीकर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी | 50 | कार्यशील |
| | सवाई माधोपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| | भरतपुर | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| सिक्किम | क्योंगसा, पश्चिम सिक्किम (ग्यालसिंह) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | कार्यशील |
| | एनआईटी, देवराली (गंगटोक) | सोवा- रिग्पा | 30 | निर्माणाधीन |
| तमिलनाडु | थेनी | सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | तिरुवन्नामलाई | सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | पुदुक्कोट्टई | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | नमक्कल | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | चेन्नई | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| तेलंगाना | सिद्दीपेट | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | विकाराबाद | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| | जयशंकर भूपालपल्ली | आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी, सिद्ध, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | निर्माणाधीन |
| त्रिपुरा | पैराडाइज़ चौमुहानी, अगरतला (पश्चिमी त्रिपुरा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 50 | कार्यशील |
| | दक्षिण सबरूम (दक्षिण त्रिपुरा) | आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| उत्तर प्रदेश | जौनपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 30 | निर्माणाधीन |
| | बुलंदशहर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | बिल्हौर (कानपुर नगर) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | पश्चिम कल्ली (लखनऊ) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बदरासी (वाराणसी) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | नवाब गंज (बरेली) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | बस्ती | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | सिराथू कौशाम्बी | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | सोनभद्र | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | उरई (जालौन) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | संत कबीर नगर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | सहारनपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | देवरिया | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | ललितपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | अमेठी | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | कानपुर देहात | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | फिरोजपुर (बलिया) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | रायबरेली | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | बागपत | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | फतेहपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माण पूरा हुआ |
| | श्रावस्ती | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | उन्नाव | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | हरदोई | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | गोरखपुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | संभल | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| | मिर्जापुर | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |
| उत्तराखंड | हल्द्वानी (नैनीताल) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | कार्यशील |
| | जखणीधर (टिहरी गढ़वाल) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| | टनकपुर (चंपावत) | आयुर्वेद और होम्योपैथी | 50 | निर्माणाधीन |
| | पथरी (हरिद्वार) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 10 | निर्माणाधीन |
| | कोटद्वार (पौड़ी) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | निर्माणाधीन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | भीमताल (नैनीताल) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 10 | निर्माणाधीन |
| | पिरन कलियार (हरिद्वार) | यूनानी चिकित्सा | 50 | निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ |
| पश्चिम बंगाल | तपसीखाता (अलीपुरद्वार) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | अबास खास जंगल (पश्चिम मिदनापुर) | आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और योग | 50 | कार्यशील |
| | **कुल = 167 इकाइयाँ** | | **बिस्तर 50 वाले- 114 30 वाले- 22 10 वाले- 31** | **कार्यशील- 47 निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ- 35 निर्माण पूर्ण- 17 निर्माणाधीन- 68 कुल- 167** |